हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

11 जनगणना 2027 : एक मई से शुरू होगी मकानों की गिनती



12 रतिया नपालिका एनडीसी पोर्टल में अनियमितता के मामले में जांच शुरू



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** स्कूटी सवार युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपी की पहचान बिट्टू उर्फ चीचा पुत्र बहादुर सिंह निवासी सैनी मोहल्ला टोहाना के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता राजेश उर्फ मिडा निवासी रविदास मोहल्ला टोहाना ने शिकायत दी थी।

### नशीली गोलियों सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना टीम ने एक युवक को कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियों सहित काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अंकुश गिल पुत्र राजपाल गिल निवासी समैन नशीली गोलियां बेचने का अवैध धंधा करता है। सूचना के आधार पर टीम ने रजवाहा के साथ बनी सडक़, निकुंज कॉलोनी टोहाना के पास दबिश दी, जहां एक युवक मोटरसाइकिल सहित खड़ा मिला। पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

### गणित विषय पर सेमिनार आयोजित

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में गणित विभाग द्वारा सांख्यिकी में एमएससी के बाद कैरियर के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर से पीएचडी स्कालर विकास सोनी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमएससी सांख्यिकी एक ऐसी डिग्री है, जो हमारी तार्किक क्षमता, विश्लेषण शक्ति को मजबूत बनाती है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। यदि आपकी अध्यापन कार्य मे रूचि है, तो आप शिक्षण क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

### घर में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर में चोरी के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपियों की पहचान सुखविंदर उर्फ कालिया पुत्र पवन उर्फ पोनी निवासी तिलक नगर, रतिया रोड टोहाना तथा दीपक उर्फ राजू पुत्र सुशील उर्फ जली निवासी गीता कॉलोनी टोहाना के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता जोनी पुत्र हरबस सिंह निवासी वार्ड नंबर 14, गीला वाली ढाणी, भूना रोड टोहाना ने शिकायत दी थी कि 8-9 जुलाई 2025 की रात अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 30-40 किमी रफ्तार से चलेंगी हवाएं, ओलावृष्टि के आसार, किसान रहें सतर्क

### जिले में न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। शनिवार मध्यरात्रि पश्चात व रविवार अलसुबह जिले में तेज रफ्तार हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि फिलहाल नुकसान की संभावना कम बताई जा रही है। अगर तेज बरसात या अंधड़ आता है तो सरसों व गेहूं दोनों में नुकसान हो सकता है। बदले मौसम से दिन का तापमान 29 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान में 14.0 डिग्री सेल्सियस रहा है। मंगलवार को दिनभर में कई बार आसमान में बादलवाही देखने को मिली। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान प्रणाली के बाद अब 18 से 21 तक फिर मौसम बदलेगा और ओलावृष्टि के भी आसार बन रहे है। मार्च में 6 पश्चिमी विक्षोभ की भविष्यवाणी की गई है। 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ आया तो हलकी बारिश हुई और तापमान में गिरावट आ गई। अब मौसम विभाग ने इसी सप्ताई एक ओर पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इसके कारण 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की संभावना बन गई है। इस दौरान बारिश व ओले भी पड़ सकते है। हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिखराव वाली ओलावृष्टि हो सकती है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जारी रहेगी, जिसका सीधा असर मैदानी इलाकों के तापमान पर पड़ेगा।

### उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों के तापमान पर पड़ेगा

**क्या कहते है मौसम वैज्ञानिक**

प्रदेश में 22 मार्च तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 18 मार्च रात्रि से राज्य के मौसम में बदलाव हो सकता है। इससे 19 मार्च से 21 मार्च के दौरान राज्य में आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने तथा कहीं कहीं गरजचमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की भी संभावना है। इस दौरान बीच बीच में हवाओं में बदलाव आने से दिन के तापमान में गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने के भी आसार है। -**डॉ. मदन खीचड़**, मौसम विज्ञान विभाग, एचएयू हिसार



**फतेहाबाद।** बरसात के बाद चली हवाओं से गिरी फसल। *फोटो: हरिभूमि*

### नया विक्षोभ होगा सक्रिय

नई मौसम प्रणाली मौसमविद् डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार 18 मार्च से सक्रिय होने वाला नया विक्षोभ पहले के मुकाबले कहीं अधिक सशक्त है। इसके प्रभाव से राजस्थान और पंजाब पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनेगा जिसे अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्रचुर नमी मिलेगी।

### किसान कटी फसल के लिए तिरपाल का करें प्रबंध

मार्च के दूसरे पखवाड़े और अप्रैल के पहले सप्ताह तक मौसम में लगातार अस्थिरता बनी रहेगी। जिन किसानों ने फसल की कटाई कर ली है, वे अनाज को सुरक्षित स्थानों या वेयर हाउस में रखें। खेतों में कटी फसल को तिरपाल से ढकने का इंतजाम पुख्ता रखें। आने वाले दिनों में 3-4 सक्रिय प्रणालियों के कारण कृषि कार्यों को मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही करें।

### निगम ने टेंडर के बाद वर्क आर्डर किए जारी

# गर्मी से पहले बिजली निगम की तैयारी फतेहाबाद में बढ़ेगी ट्रांसफार्मर क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**सब स्टेशनों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे**

गर्मी के सीजन में लोड बढ़ने पर ब्रेकडाउन न हो या ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ने से बचाने के लिए बिजली निगम ने फतेहाबाद में छह 33 केवी सब स्टेशनों में ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। कई सब स्टेशनों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे ताकि गर्मी के दिनों में बिजली की खपत बढ़ने पर 33 केवी सब स्टेशनों में पहले से लगे 10 व 20 एमवीए के ट्रांसफार्मरों पर लोड सामान्य रहे। इससे करीब 25 गांवों के लोगों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि की है। अक्सर हर वर्ष गर्मी के दिनों में मार्च बीतते ही अप्रैल में 33 केवी सब स्टेशनों में लगे 10 या 20 एमवीए के ट्रांसफार्मरों पर लोड अत्याधिक बढ़ जाता है और उसके बाद ब्रेक डाउन या ट्रांसफार्मरों पर फ्यूज उड़ने के चलते लोगों को पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं मिल पाती। मई से अगस्त-सितंबर तक भीषण गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल होता है। ऊपर से धान के सीजन में बिजाई के चलते बिजली की डिमांड बढ़ जाती है। जब 33 केवी सब स्टेशनों पर लोड बढ़ता है तो 132 या 220 केवी सब स्टेशनों की बड़ी लाइन की केबल भी सड़ जाती है। बिजली निगम ने इसी को मद्देनजर रखते हुए फतेहाबाद के गांव ढाणी रायपुर, चन्दो खुर्द, महमदगी, अलीका, नूरकी अहली व ढाबी कलां में 33 केवी सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने का फैसला किया है। ढाणी रायपुर में इस समय 20 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। यहां 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर ओर लगाया जा रहा है ताकि लोगों को पर्याप्त बिजली दी जा सके। ऐसे ही चंदोखुर्द 33 केवी में 10 एमवीए से 20 एमवीए, महमदगी में 20 से 30, अलीका में 10 से 20, नूरकी अहली में 10 से 20 व ढाबी कलां के 33 केवी सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 20 एमवीए करने का काम शुरू हो चुका है। इन सभी 6 सब स्टेशनों से 25 गांवों में बिजली आपूर्ति होती है। निगम का कहना है कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई कंस्ट्रक्शन ने यहां क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कई जगह ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी तो किसी तरह अतिरिक्त ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे। यह काम गर्मी का पीक सीजन शुरू होने से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं।



**फतेहाबाद।** सब स्टेशनों में लगे ट्रांसफार्मर। *फोटो: हरिभूमि*

### 10 से 20 एमवीए की क्षमता बढ़ेगी

*दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई कंस्ट्रक्शन के निर्देश है कि सभी गांवों में गर्मी में बिजली की सप्लाई निर्बाध होनी चाहिए। इसके लिए जहां ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ानी है, वहां बढ़ाई जाए। इसी निर्देश पर हमने 6 गांवों में 10 से 20 एमवीए की क्षमता बढ़ाने के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं। गर्मी के पीक पर आने से पहले यह काम पूरा हो जाएगा।* -**अशोक कुमार**, कार्यकारी अभियंता, द.ह.बि.वि. निगम फतेहाबाद

**सब स्टेशन और उनकी कार्य क्षमता**

| सब स्टेशन का नाम | वर्तमान क्षमता | बढ़ने के बाद | निर्भर गांव |
|---|---|---|---|
| ढाणी रायपुर | 20 एमवीए | 30 एमवीए | 3 |
| चन्दो खुर्द | 10 एमवीए | 20 एमवीए | 3 |
| महमदगी | 20 एमवीए | 30 एमवीए | 4 |
| अलीका | 10 एमवीए | 20 एमवीए | 5 |
| नूरकी अहली | 10 एमवीए | 20 एमवीए | 6 |
| ढाबी कलां | 10 एमवीए | 20 एमवीए | 7 |



**रतिया।** परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

## अहरवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर मिला गैरहाजिर, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को रतिया उपमंडल स्थित संचालित परीक्षा सेंटर राजकीय सीनियर कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भारती निकेतन स्कूल, गांव अहरवां राजकीय स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों को सही स्थिति में पाया। सभी कक्षाओं में परीक्षाएं अध्यापकों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रही थीं। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सभी परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को शिक्षा बोर्ड की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गांव अहरवां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी दौरा किया और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया और हाजरी रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने एक डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## भूना में दिनदहाड़े लूट: नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर कारोबारी से 9.75 लाख छीने

**भूना।** टोहाना रोड पर भट्टू गांव से पहले मंगलवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे दिनदहाड़े लूट की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने संध्या आयुर्वेदिक मार्केटिंग कंपनी के संचालक शेर सिंह गोदारा को निशाना बनाते हुए पिस्तौल के बल पर 9 लाख 75 हजार रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार शेर सिंह गोदारा मंगलवार सुबह अपनी बाइक पर भूना से भट्टू होते हुए पिरथला के रास्ते उकलाना वाहन खरीदने जा रहे थे। जब वह भट्टू गांव से कुछ दूरी पहले पहुंचे, तभी सामने से एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवक आए और उन्हें रुकने का इशारा किया। जैसे ही शेर सिंह ने बाइक रोकी, एक बदमाश ने उन पर पिस्तौल तान दी, जबकि दूसरे युवक ने उनके बैग से नकदी निकाल ली। बताया जा रहा है कि बैग में 9 लाख 75 हजार रुपए की राशि थी।

## अधिकारियों की लापरवाही से बाग बना वीरान

- पीड़ित किसान ने उपायुक्त से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढ़ा

गांव ओढ़ा के एक किसान का बाग मार्केटिंग बोर्ड की लापरवाही के कारण खराब हो रहा है। इस समस्या को लेकर किसान सुभाष जांगू निवासी ओढ़ा ने उपायुक्त से मिलकर गुहार लगाई है। किसान ने उपायुक्त को लिखित शिकायत में बताया कि उसकी भूमि नुहियांवाली रोड पर पड़ती है। जिसमें उसने किन्नु का बाग लगा रखा है। करीब 30 वर्ष से मार्केट कमेटी ने 12 मरले भूमि पर जबदस्ती सड़क बना रखी थी। इसको लेकर वह काफी बार संबंधित विभाग से अनुरोध किया लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में वह न्यायालय में गया और फैसला उसके हक में आया और तहसीलदार कालांवाली द्वारा उक्त सडक़ को तोड़ कर मेरे को कब्जे दिया गया।



**सिरसा।** किसान सुभाष जांगू धूल से भरा अपना किन्नू का बाग दिखाता हुआ।

### धूल पहुंचा रही नुकसान

इसके बाद विभाग ने साइड से एक किसान की भूमि में से कच्चा रास्ता निकाल कर आवागमन शुरू कर दिया। कच्चा होने के कारण वहां से धूल मिट्टी उडक़र मेरे बाग को भारी नुकशान पहुंचा रही है और इस सीजन का पुरा फल झड़ गया। उसने विभाग को कई बार कहा लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई और आखिर तंग आकर वह अनशन पर बैठ गया। तीन दिन बाद बीडीपीओ व एसएचओ ओढ़ा ने आश्वासन देकर मेरा अनशन तुड़वा दिया। लेकिन मार्केट कमेटी कालांवाली के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और आज भी स्तिथि ज्यों की त्यों है। किसान ने कहा कि जब तक सड़क पक्की नही बन जाती तब तक उसका नुकसान इसीप्रकार होता रहेगा। किसान सुभाष जांगू की बात ध्यान से सुनकर सिरसा के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने किसान को जल्दी राहत देने का आश्वासन दिया।

### फतेहाबाद सब्जी मंडी यूनियन चुनाव 25 को

**फतेहाबाद।** सब्जी मंडी यूनियन के चुनाव 25 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मंडी परिसर में चुनावी माहौल बनना शुरू हो गया है। इस बार करीब 90 व्यापारी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्य सलाहकार मोहरी राम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू होगी, जबकि उम्मीदवार 22 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 25 मार्च को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होगा। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद उसी दिन वोटों की गिनती की जाएगी और विजेता प्रधान के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

## दो नशा तस्करों को 10-10 साल की सजा

- गांव भोड़ाहोशनाक के पास जीटी रोड पर नाकाबंदी कर की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव की अदालत ने दो तस्करों सतेंदर व घोलू को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों आरोपियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि जुर्माना अदा नहीं किया जाता है तो दोषियों को 6 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जिला न्यायवादी देवेंद्र कुमार मित्तल ने बताया कि यह मामला थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत दर्ज किया गया था। पुलिस को 20 जून 2016 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग झारखंड से अफीम लाकर हरियाणा में अवैध रूप से बेचने का काम करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव भोड़ाहोशनाक के पास जीटी रोड पर नाकाबंदी कर छापेमारी की।

**आरोपियों से की पूछताछ**

जांच के दौरान आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें उनके खुलासे पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि वही आरोपियों को अफीम की सप्लाई करता था। पुलिस ने मामले में सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए गवाहों के बयान दर्ज किए और बरामद पदार्थ की जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजा। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान, एफएसएल रिपोर्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दोषी करार दिया। इस मामले की प्रभावी पैरवी जिला न्यायवादी देवेंद्र कुमार मित्तल तथा उप जिला न्यायवादी हरवीर सिंह मलिक द्वारा की गई।

## 15 किलोग्राम चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने गांव साहुवाला प्रथम क्षेत्र से स्कूटी सवार एक युवक को हजारों रुपए का 15 किलो 70 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव साहुवाला प्रथम की तरफ जा रही थी। इसी दौरान उन्हें एक युवक स्कूटी पर आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर उसने मुडक़र भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर जांच करने पर उसके कब्जे से 15 किलो 70 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान प्रीत सिंह निवासी गांव साहुवाला प्रथम जिला सिरसा के रुप में हुई है।



चूरापोस्त सहित पकड़ा गया आरोपी।

**राहत** शादी में मिलेगी प्राथमिकता, 24 घंटे में लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है घरेलू गैस

# बेटियों की शादियों में कमेटी देगी कमर्शियल सिलेंडर

- एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ईरान-अमेरिका युद्ध के चलते गैस की किल्लत को लेकर अभी भी लोगों की कतारें गैस एजेंसियों के बाहर लगी हुई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व गैस एजेंसी के संचालक गैस की किल्लत से साफ इंकार करते हैं। इनका कहना है कि गोदामों में गैस के पर्याप्त भंडार है। लोग पैनिक होकर अपने घरों में एक से दो सिलैंडर रखना चाहते हैं जिसके चलते गैस की कृत्रिम कमी बनी हुई है। बालाजी गैस एजेंसी के संचालक राजेन्द्र खिची का कहना है कि गैस 24 घंटे में लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। उधर, कमर्शियल गैस सिलैंडरों की सप्लाई बंद होने से ढाबा, रेस्टोरेंट व अन्य दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को उठानी पड़ रही है जिनके यहां इन दिनों शादी है। इसी को देखते हुए हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी आदेशों के तहत जिले में व्यावसायिक एलपीजी सिलेण्डरों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति उपायुक्त फतेहाबाद की अध्यक्षता में कार्य करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अस्पतालों और सभी शिक्षण संस्थानों छात्रावास सहित को व्यावसायिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर विवाह समारोहों के लिए भी एलपीजी सिलेण्डरों का आवंटन किया जा सकेगा, जिसमें पुत्री विवाहों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।



**फतेहाबाद।** रतिया गैस एजेंसी के बाहर लगी हुई लाइन। *फोटो: हरिभूमि*

**उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिला स्तर पर गठित इस समिति में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है, जबकि जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक स्थानीय तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर एलपीजी स्टॉक का कम से कम 20 प्रतिशत उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। डीसी डा. विवेक भारती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार द्वारा जारी इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद संस्थानों और आयोजनों को समय पर एलपीजी उपलब्ध हो सके।



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### डेरा बाबा सरसाईनाथ में नव संवतोत्सव मेला 19 को

**सिरसा।** डेरा बाबा सरसाईनाथ के महंत सुंदराईनाथ ने बताया कि विक्रमी संवत आगामी 19 मार्च को बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष मनाए जाने वाले इस संवतोत्सव समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और बाबा सरसाईनाथ की समाधि पर शीश नवाते है। महंत सुंदराईनाथ ने बताया कि इस समय संवोत्सव समारोह की तैयारियां जोरों शोरों से जारी है और डेरा बाबा सरसाईनाथ को सुंदर फूलों व रंग बिरंगी लड़ियों से सजाया जा रहा है।

### वर्कशॉप में छात्रों ने सीखी नई तकनीक

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्याल के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज ने डिजिटल युग में तकनीक के सुरक्षित और सार्थक उपयोग की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाया जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड सेफ इंटरनेट अवेयरनेस वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। प्रो. मोहम्मद कासिफ ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदलती दुनिया से परिचित कराना और साथ ही इंटरनेट के सुरक्षित, संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

### हरी खाद की बिजाई पर मिलेंगे 1000 रुपये

**फतेहाबाद।** किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने नई योजना शुरू की है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत धान की रोपाई से पहले खेतों में हरी खाद (ढेंचा) या दलहनी फसलों की बिजाई करने वाले किसानों को 1000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

### जिलाध्यक्ष ने जताया जिलावासियों का आभार

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर हांसी में आयोजित विशाल रैली में सिरसा की भागेदारी के लिए जिलावासियों का आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को जारी बयान में जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि प्रदेशभर से आए युवाओं ने इस रैली में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया कि उनके हित केवल जेजेपी में ही सुरक्षित हैं। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के मार्गदर्शन में सदैव युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें अमलीजामा पहनाया गया है।

### केबल तार चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव बरुवाली प्रथम में रात्रि के समय चार खेतों से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान बब्लू, जगरूप व वीरपाल निवासी हुडा सेक्टर 9 सिरसा के रुप में हुई है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान भाखड़ा नहर के पास गांव दमकौरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम के नजदीक एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर वापस मुड़ने लगा। शक के आधार पर टीम ने उसे काबू कर पूछताछ की, जिसने अपनी पहचान रणजीत सिंह उर्फ जीता पुत्र गुरदीप सिंह निवासी अंबेडकर चौक टोहाना के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध 32 बोर पिस्तौल व 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामद हथियार एवं कारतूस को कब्जे में लेकर नियमानुसार सील किया गया।

## 16 से 30 अप्रैल तक होगी ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा

# जनगणना 2027 : एक मई से शुरू होगी मकानों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला फतेहाबाद में जनगणना विभाग द्वारा 3 दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 से 18 मार्च तक चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के सभागार में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी डॉ. विवेक भारती ने किया। इस अवसर पर सीटीएम गौरव गुप्ता भी मौजूद रहे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं तय होती हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्राप्त किया जा रहा प्रशिक्षण जनगणना कार्य की सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जितना बेहतर प्रशिक्षण फील्ड स्तर तक पहुंचेगा, जनगणना का कार्य उतना ही प्रभावी और त्रुटिरहित होगा।



**फतेहाबाद।** भोडिया खेड़ा में फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

### 35 फील्ड ट्रेनर ले रहे प्रशिक्षण

सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि इस जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 फील्ड ट्रेनर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. गुरनाम चंद व रक्षा देवी द्वारा जनगणना 2027 के निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।

### दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को 'जनगणना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे लोग स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात दूसरे चरण में फरवरी 2027 के दौरान जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण के बाद प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चार्ज स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य पूरी तरह व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को 'जनगणना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे लोग स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

# 627 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

## जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का बीघड़ में लगा मेगा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहाबाद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव बीघड़-2 के पंचायत घर में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 627 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया और मौके पर ही अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन किए। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहाबाद गायत्री ने कैंप में शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। दीपक अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मेगा कैंपों का उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करना है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो सके। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन कैंपों का लाभ उठाने का आह्वान किया। कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुख्य द्वार पर पैनल अधिवक्ता शाहनवाज और सिद्धार्थ बोला द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित की गई, जहां नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया।



**फतेहाबाद।** मेगा कैम्प के दौरान लोगों को संबोधित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल।

### विनोद बांसल बने श्री राम आश्रम शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष

**रतिया।** श्रीराम आश्रम शिव मंदिर कमेटी की बैठक टिब्बा कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में सरंक्षक प्रेम सागर बिंदल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर कमेटी के प्रधान सुभाष सिंगला ने अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अपना इस्तीफा कमेटी को सौंपा। इसे कमेटी ने स्वीकार करते हुए आगामी 2 वर्ष के लिए सर्वसम्मति से विनोद बांसल को प्रधान चुना गया व नई कार्यकारणी गठित करने का अधिकार दिया गया। इससे पहले सभी सदस्यो में प्रधान सुभाष सिंगला के कार्यकाल की प्रशंसा की व उनका धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजित की गई। जिसमें भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिला का गुणगान किया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि भजन गायकों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, मन की बातां सांवरियै नै आज सुना के देख ले, छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना, वीर हनुमाना अति बलवाना, तू रुक नही पाएगा बाबा जब तुम्हें बुलाएगा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

### 'नशा छोड़ो, स्वस्थ जीवन अपनाओ' का दिया संदेश



**सिरसा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा नशा छोड़ो और स्वस्थ जीवन अपनाओ के संदेश के साथ एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में शहर के अनेक चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों और समाज के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशे के खिलाफ सकारात्मक संदेश देना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु वर्गों अंडर 45, 45 से 60 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक में 50 मीटर दौड़, 50 मीटर रिले रेस, शॉटपुट और जैवलिन थ्रो जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गई।

### राज्यसभा चुनाव में धांधली का लगाया आरोप

**टोहाना।** हरियाणा में 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव का गणित पहले से स्पष्ट था, इसके बावजूद बीजेपी ने इसे जानबूझकर पेचीदा बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया। सद्भाव यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि दो सीटों के लिए आवश्यक मत पहले से तय थे और एक-एक सीट दोनों दलों को मिलनी थी, लेकिन चुनाव को अनावश्यक रूप से विवादित बनाया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत करार दिया। मंगलवार को टोहाना के गांव समैण से शुरू हुई सद्भाव यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

### हथियारों की नुमाइश करने पर आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश कर दहशत फैलाने के प्रकरण में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । इस मामले में पुलिस अब तक कुल 9 आरोपियों को काबू कर चुकी है। आरोपी की पहचान दिलप्रीत उर्फ मक्खन पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी तरनतारन, पंजाब के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नामजद आरोपियों द्वारा मिलकर एक गैंग 'राणा ग्रुप हरियाणा' के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। इस आईडी पर आरोपियों ने अपने हाथों में तलवार, कापा जैसे धारदार हथियारों को लहराते हुए वीडियो अपलोड किए थे। इन वीडियोज में आरोपी गालियां देते हुए, लोगों को धमकाते और सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने का प्रयास करते नजर आ रहे थे।

### हरे पेड़ काटने के चार आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिला के ऐलनाबाद क्षेत्र से हरे पेड़ काट कर चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी व चोरीशुदा लकड़ियां भी बरामद कर ली हैं। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सिरसा जिला निवासी निशानदीप, छोटू राम, राजेंद्र व मदन के रूप में हुई है। वन विभाग के अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव शेरावांली सडक व गांव मिठ्ठी सुरेरां की नहर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सडक किनारे व नहर किनारे हरे वृक्ष काटे हुए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

# सैलजा ने लोकसभा में उठाए सिरसा से जुड़े रेलवे मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में रेलवे बजट पर चर्चा के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण रेल मुद्दे उठाए। कांग्रेस की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने सिरसा और आसपास के क्षेत्रों में बेहतर रेल संपर्क, नई ट्रेनों की शुरुआत और यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से रेलवे ढांचे को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं और केंद्र सरकार को इस दिशा में जल्द कदम उठाने चाहिए। कुमारी सैलजा ने सुझाव दिया कि सिरसा-हिसार-हांसी-मेहम-रोहतक-दिल्ली रेल लाइन पूरी होने के बाद सिरसा और दिल्ली के बीच एक नई इंटरसिटी एक्सप्रेस सेवा शुरू की जाए, जिससे लोगों को तेज और सीधा रेल संपर्क मिल सके। उन्होंने जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस को सिरसा और बठिंडा तक बढ़ाने की भी मांग की। चंडीगढ़ के साथ बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने चंडीगढ़-हिसार रेल सेवा को सिरसा तक बढ़ाने तथा अंबाला के रास्ते सिरसा-चंडीगढ़ के बीच एक नई सीधी ट्रेन शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने सिरसा और दिल्ली के बीच ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग की और कालिंदी एक्सप्रेस को प्रयागराज से बढ़ाकर सिरसा तक चलाने का प्रस्ताव रखा।

# लाधू नाथ जयंती समारोह को लेकर चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| फतेहाबाद

आगामी 20 मार्च को चंडीगढ़ स्थित कबीर कुटीर में आयोजित होने वाले लाधू नाथ जयंती समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी कड़ी में आज फतेहाबाद के अशोक नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य रूप से जगदीश नायक ने किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने समाज के लोगों से मुलाकात की और इस जयंती समारोह के महत्व पर चर्चा की। जगदीश नायक ने बताया कि यह आयोजन न केवल महापुरुषों की याद में है, बल्कि समाज की एकजुटता का भी प्रतीक है। जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ नेता मनोहर लाल नायक ने कहा कि अभियान के दौरान स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला और कई परिवारों ने समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को अपना समर्थन दिया। सामाजिक नेता हवा सिंह पेंटर ने अपनी टीम के साथ जन जन तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने की रूपरेखा पर विचार रखे। इस मौके पर समाज के जिला प्रधान सुल्तान सिंह पंवार ने बताया कि समाज का एक एक सदस्य समारोह में शामिल होगा। जनसंपर्क के दौरान नायक समाज के अनेक नेता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** लाधू नाथ जयंती समारोह को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते समाज के लोग।

# भाखड़ा विस्थापित गांवों की प्राथमिकता के आधार पर की जाए पैमाइश : डीसी

■ गांवों के विकास कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में भाखड़ा बांध विस्थापित गांवों के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक गांव के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने बीबीएमबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विस्थापित गांवों की बाहरी एवं आंतरिक पेमाइश प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाए तथा स्पष्ट रूप से निशानदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे भूमि संबंधी विवादों का समाधान होगा और विकास कार्यों में गति आएगी।



फतेहाबाद। भाखड़ा बांध विस्थापित गांवों के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

### प्लॉट आवंटन के विषय पर की चर्चा

*बैठक में प्लॉट आवंटन के विषय पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पात्र व्यक्तियों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया है, उन्हें नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर प्लॉट आवंटित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।*



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते जेजेपी के युवा जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी।

## अजय के मार्गदर्शन में चुनाव लड़ेगी जजपा कार्यकर्ताओं को नहीं करेंगे निराश : खिलेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष जतिन खिलेरी ने कहा कि पिछले तीन महीनों के भीतर हरियाणा की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है और जेजेपी ने अपनी जड़ों को फिर से मजबूत कर लिया है। आज यहां रेस्ट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जेजेपी नेता ने कहा कि 7 दिसंबर को जुलाना की स्थापना दिवस रैली और अब 13 मार्च को हांसी में आयोजित विशाल जनसभा ने यह साबित कर दिया है कि जननायक जनता पार्टी का आधार आज भी अडिग है। शहीदी दिवस पर भी जेजेपी द्वारा 23 मार्च को जींद की नई अनाज मण्डी में प्रदेश स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रदेशभर से युवा कार्यकर्ता रक्तदान कर शहीदों को नमन करेंगे। जतिन खिलेरी ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन के दौरान जो कार्यकर्ता खुद को ठगा सा महसूस कर रहे थे और जनता में जो नाराजगी थी, वह अब प्यार और समर्थन में बदल गई है।



## भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर किया अभिनंदन

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्ण पूरा होने के उपलक्ष्य में आज बीजेपी जिला कार्यालय फतेहाबाद में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, पूर्व विधायक प्रो. रविन्द्र बलियाला, जिला परिषद की चेयरमैन सुमन खिचड़, चन्द्र बोस्ती सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने विशेष रूप से प्रवीण जोड़ा को बधाई दी। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल के एक वर्ष की सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं के विश्वास, समर्पण, मेहनत और एकजुटता को जाता है। कार्यकर्ताओं के बदौलत की वह भाजपा हाई कमान से मिलने वाले हर दायित्व को निष्ठा, ईमानदारी और लगन से निभा पाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आगे भी सभी कार्यकर्ता उन्हें पूरे विश्वास के साथ सहयोग करेंगे। हम सब मिलकर भाजपा की नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे और एक आदर्श, उत्कृष्ट एवं उन्नत समाज की स्थापना करेंगे।

## सीएम के राजनीतिक सचिव को दिया 23 के कार्यक्रम का निमंत्रण

# 'नशा मुक्त हरियाणा' के सपने को साकार कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीदों के नशामुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रयासरत महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 मार्च को फतेहाबाद में बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा जहां सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से सम्पर्क कर उनसे इस मुहिम में शामिल होने व सहयोग की अपील की जा रही है वहीं राजनीतिक स्तर पर भी इस कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण देकर इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने के प्रयास जारी है। इसी कड़ी में भवानी सिंह के नेतृत्व में ट्रस्ट प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी से मुलाकात कर उन्हें 23 मार्च के 'नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा' का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उनके साथ मोहन गढ़वाल सरपंच अकांवाली, विकास कम्बोज सरपंच बरसीन, अनिल गढ़वाल सरपंच भोडिया, हरीश कुमार, गुरदीप अयाल्की आदि भी मौजूद रहे।तरूण भंडारी ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से बचाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही हैं।



**फतेहाबाद।** सीएम के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी को 23 मार्च के कार्यक्रम का निमंत्रण देते भवानी सिंह।

### युवाओं को शिक्षा और खेल से जोड़ना उद्देश्य

युवाओं को नशे से दूर करने के लिए उन्हें शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्यों से जोड़ा जा रहा है। उनका मानना है कि जब युवा सकारात्मक कार्यों में व्यस्त रहेगा, तो नशे की गुंजाइश स्वतः ही खत्म हो जाएगी। 23 मार्च को आयोजित कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा है। कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट द्वारा एक विशेष नाटक तैयार करवाया गया है। जिसमें देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव द्वारा जिस नशामुक्त भारत का सपना देखा गया था, उसे प्रदर्शित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### लाखों की हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने गांव देसू मलकाना से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए की 21.870 ग्राम हेरोइन व 17 हजार रुपए ड्रग मनी पकड़ी गई है। कालांवाली पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि बीती 16 मार्च को पुलिस की एक टीम गांव देसूमलकाना से मंडी कालांवाली रोड पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थी कि तीन युवक मोटरसाइकिल पर नजर आए जो पुलिस टीम को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगे।

### नई स्कूटी खरीदकर घर जा रहे व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव साहुवाला प्रथम के समीप गौशाला के पास स्कूटी सवार व्यक्ति की सडक़ हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान बंता सिंह के रूप में है। सूचना के बाद बडागुढ़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु सरकारी अस्पताल में भिजवाया। जानकारी के अनुसार बंता सिंह सिरसा से स्कूटी खरीदकर स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव ओढां आ रहा था।

### फसल नष्ट करने व सामान चुराने का आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस टीम ने गांव अलीकां में गेहूं की खड़ी फसल नष्ट करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने व सामान चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सतनाम सिंह निवासी अलीकां जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बीती 07 फरवरी को थाना शहर डबवाली में दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता मेहरचंद निवासी मिठनपुरा जिला सिरसा ने बताया कि उन्होंने गांव अलीकां में 22 कनाल भूमि 2022-23 में खरीदी थी जिस पर वह खेती करता आ रहा है और अब उसमें गेहूं की फसल बीज रखी है।

### कोर्ट के फैसले को लागू करे सरकार: भाकर

**सिरसा।** हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की रानियां के बिजली घर में बैठक हुई। कर्मचारी नेता राजेश भाकर व एसएस बेदी ने बताया के हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट के 23 और 31 दिसंबर 2025 को दिए गए फैसले के अनुसार जो कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का आदेश दिया गया है, उसे प्रदेश सरकार लागू करने में आनाकानी कर रही है, जिसको लेकर एचपीसी वर्कर यूनियन ने फैसला लिया है कि अगर इन कर्मचारियों को शीघ्र पक्का नहीं किया गया तो आगामी 20 मई को बिजली मंत्री के अंबाला आवास पर बिजली कर्मचारियों द्वारा विशाल प्रदर्शन किया जाएगा व ज्ञापन दिया जाएगा।

### हनुमान मंदिर में 59वां नवरात्रा महोत्सव कल से

**सिरसा।** नोहरिया बाजार की गली गोलछा वाली स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 59वां नवरात्रा महोत्सव 19 मार्च से श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने बताया कि नवरात्रों के दौरान प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे, दोपहर सवा 12 बजे व शाम को सवा सात बजे मां भगवती की त्रिकाल आरती होगी। उन्होंने बताया कि दोपहर में आरती के बाद महिला मंडल के द्वारा मां भगवती का भजनों के माध्यम से गुणगान किया जाएगा।

## नगर पालिका को रिकॉर्ड सौंपने के दिए निर्देश, दो दिन में देना होगा रिकॉर्ड

# रतिया नपालिका एनडीसी पोर्टल में अनियमितता मामला, शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया नगर पालिका में एनडीसी पोर्टल में अनियमितता को लेकर सिटी थाना अध्यक्ष पुष्पा सिहाग के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम ने नगर पालिका सचिव को बयान दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही अनियमितता से संबंधित रिकार्ड भी दो दिन में पुलिस को सौंपने को कहा है। पुलिस को 20 फरवरी को दी शिकायत में रतिया नगर पालिका के सचिव अतिरिक्त कार्यभार ने शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से प्राप्त पत्र का जिक्र करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर लिखा था। सचिव द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के संज्ञान में आया है कि नगर पालिका रतिया के भीतर एनडीसी पोर्टल पर अनियमितताएं की गई है। इन अनियमितताओं की रिपोर्ट डीटीपी एच क्यू द्वारा की गई थी।


रतिया। नगर पालिका सचिव से पूछताछ करते हुए सिटी थाना अध्यक्ष।

### एनडीसी पोर्टल घोटाला मामला

सचिव ने शिकायत में बताया कि हवा सिंह जेई ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एनडीसी पोर्टल पर 35 से 40 पीआईडी की स्थिति को गलत तरीके से अनाधिकृत से अधिकृत में बदल दिया। इन कार्यों को गंभीर प्रकृति में श्रेणीबद्ध किया गया है। निदेशालय द्वारा विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि नियमों के अनुसार इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाए। इस मामले में जिला नगर आयुक्त कार्यालय फतेहाबाद द्वारा भी प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे।

### पिछले वर्ष निलंबित हुए थे हवा सिंह

रतिया नगर पालिका में कार्यरत रहे कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह को नगर निकाय विभाग निदेशालय द्वारा पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। उनको निलंबित करने के जो आदेश निकाले गए थे उसमें निलंबित करने के लिए कोई भी कारण नहीं बताया गया था और उन्हें निलंबित अवधि के दौरान मुख्यालय में अटैच कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि विभाग द्वारा एनडीसी पोर्टल में अनियमितता के कारण ही उन्हें निलंबित किया गया था। अब इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नपा से मांगा गया है रिकॉर्ड : थाना अध्यक्ष

इस बारे में रतिया सिटी थाना अध्यक्ष पुष्पा सिहाग ने बात करते हुए बताया कि रतिया नगर पालिका से संबंधित दर्ज मामले में रिकॉर्ड मांगा गया है और रिकॉर्ड को दो दिन में पुलिस को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में नगर पालिका द्वारा रिकॉर्ड दिये जाने के बाद जांच शुरू की जाएगी वहीं सचिव को मामले में बयान दर्ज करवाने के भी निर्देश दिए।

-पुष्पा सिहाग।

## कबड्डी टूर्नामेंट में अलेवा की टीम ने जीती ट्रॉफी

**सिरसा।** शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स कल्ब ओढ़ा द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट संपन्न हो गया। ओपन वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में अलेवा और दोदा पंजाब के मध्य हुए मैच में अलेवा ने 14-10 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल ओढ़ा और माखेवाला के बीच हुआ जिसमें ओढ़ा टीम ने जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में ओढ़ा व अलेवा की टीमों के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमें अलेवा ने ओढ़ा को 14 के मुकाबले 6 अंकों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। कमेटी के सदस्यों ने विजेता टीम को 1 लाख रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता ओढ़ा की टीम को 71 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट रेडर दीपू ज्वारा को रमन मल्हान ने व बेस्ट केचर विकास अलेवा को जयदीप व जयवीर कड़वासरा की ओर से एक-एक बाइक देकर सम्मानित किया गया।

## ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने से होती है मोक्ष की प्राप्ति: स्वामी आत्मानंद

**जीवन यात्रा में कामनाओं का बोझ कम रखें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद पुरी ने लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में कहा कि जैसे कहीं सफर पर जाते हुए यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए सामान का बोझ कम रखते हैं, वैसे ही जीवन रूपी यात्रा तय करते हुए कामनाओं व विकारों का बोझ कम से कम होना चाहिए ताकि जीवन यात्रा आनंदमय बन सके। हम सभी इस दुनियावी यात्रा में सहयात्री हैं, फर्क इतना है कि न हमें यात्रा की अवधि का पता है न रास्तों का। अतः आपसी मन मुटाव कलह क्लेश ना रख कर जीवन का सफर तय करना चाहिए। स्वामी आत्मानंद पुरी ने 10वें स्कंद की चर्चा करते हुए कहा कि यह स्कंद भगवान का हृदय है और इसमें भगवान कृष्ण के बचपन की मधुर लीलाएं, गोपी खेल और उनके मानवीय और दिव्य स्वरूप का चित्रण है। सबके रूप रंग आकृति अलग-अलग है पर आत्मा में कोई भेद नहीं है सब में एक ही आत्मा है। स्वामी ने विद्या और अविद्या का अंत्र समझाया कि विद्या का अर्थ आध्यात्मिक ज्ञान ब्रह्मज्ञान जो हमें समस्त बंधनों से मुक्त करती है और मोक्ष प्राप्त होता है और अविद्या या अज्ञान मिथ्या ज्ञान है जो वास्तविकता को न जान कर सांसारिक माया में फंसे रहने की स्थिति है।


सिरसा। श्रीमदभागवत कथा करते स्वामी आत्मानंद पुरी। फोटो : हरिभूमि

## स्टीम मंच मेले में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए बेहतरीन मॉडल

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टीम मंच मेले का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने किया। इस मेले में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित से जुड़े कई बेहतरीन और ज्ञानवर्धक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि रमेश कुमार ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल्स का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और उनकी वैज्ञानिक सोच की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों को समझने में मदद करते हैं।

## बार काउंसिल चुनाव आज: फतेहाबाद में बनाए चार बूथ, 1493 वकील डालेंगे वोट

- दो बूथ फतेहाबाद तथा एक-एक बूथ रतिया और टोहाना में बनाए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में 18 मार्च को आयोजित होने वाले बार काउंसिल चुनाव-2026 के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली हैं। बार काउंसिल चुनाव को लेकर जिला फतेहाबाद में कुल चार पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें दो बूथ फतेहाबाद तथा एक-एक बूथ रतिया और टोहाना में बनाए गए हैं। इन बूथों पर फतेहाबाद में 917, रतिया में 285 तथा टोहाना में 291 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। चुनाव को लेकर डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पोलिंग अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने स्पष्ट कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


फतेहाबाद। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पोलिंग अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

## दूषित पेयजल सप्लाई से कॉलोनीवासियों में रोष

- लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में सप्लाई किया जाने वाला पेयजल न पीने के लायक है और न ही नहाने के लायक

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित कांडा कॉलोनी के वासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। निरंतर सीवरयुक्त पेयजल की सप्लाई होने से आक्रोषित वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जन स्वास्थ्य विभाग के विरूद्ध प्रदर्शन करने व रोड जाम को विवश हो जाएंगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पानी में गंदगी, सीवर जैसी बदबू और अशुद्धियां मिल रही हैं, जिससे पीने के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे पेट दर्द, उल्टी-दस्त और त्वचा रोग हो रहे हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में सप्लाई किया जाने वाला पेयजल न पीने के लायक है और न ही नहाने के लायक। कॉलोनीवासियों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम और जल विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

## फील्ड ट्रेनर्स को हाउस लिस्टिंग एप पर डाटा दर्ज करने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जनगणना कार्य की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन में फील्ड ट्रेनर्स की कार्यशाला के दूसरे दिन हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का लेआउट मैप बनाने, हाउस लिस्टिंग एप पर डाटा दर्ज करने तथा हाउस लिस्टिंग के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु व एसोसिएट प्रो. एवं मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र कुमार द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से हाउस लिस्टिंग ब्लॉक लेआउट मैप तैयार करने की विधि समझाई गई, ताकि प्रत्येक क्षेत्र का सटीक और व्यवस्थित विवरण तैयार किया जा सके। इसके साथ ही, कर्मचारियों को हाउस लिस्टिंग ऐप को मोबाइल में इंस्टॉल करने, लॉगिन करने तथा उसे प्रभावी ढंग से संचालित करने का अभ्यास भी कराया गया।


सिरसा। मास्टर ट्रेनर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जीवन में सफलता और संयम साधना के लिए धैर्य है परमावश्यक : डॉ. सुब्रत

- व्यक्ति के जीवन में जितनी दृढ़ धैर्य भावना होती है, वह जीवन में उतना ही प्रगतिशील होता है।

**फतेहाबाद।** डॉ. सुब्रत मुनि महाराज एवं मुदित मुनि महाराज ने आज एसएस जैन सभा, श्याम नगर में सत्संग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'संयम साधना में धैर्य' के विषय पर अत्यंत मार्मिक और गहरा संदेश दिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए प्रत्येक कार्य में धैर्य की बहुत बड़ी आवश्यकता रहती है। व्यक्ति के जीवन में जितनी दृढ़ धैर्य भावना होती है, वह जीवन में उतना ही प्रगतिशील होता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की प्रसिद्ध चौपाई का संदर्भ देते हुए कहा कि धीरज धर्म मित्र अरु नारी। आपत काल परिखिअ चारी।। उन्होंने इसका अर्थ समझाते हुए कहा कि संकट के समय ही इस बात का पता चलता है कि किस मानव में कितनी धैर्य शक्ति मौजूद है। मानव में जितनी धैर्य शक्ति होती है, वह जीवन में उतनी ही अधिक सफलता प्राप्त करता है। डॉ. सुब्रत मुनि ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक मानव को जीवन में अपनी धैर्य धारणा को सुदृढ़ बनाना चाहिए।

## गुमशुदा मोबाइल बना बुजुर्ग के लिए मुसीबत ठगों ने यूपीआई से उड़ाए 90 हजार रुपये

- ठग लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे

**फतेहाबाद।** डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराधी अब गुमशुदा मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर मासूम लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। ताजा मामला फतेहाबाद जिले के रतिया क्षेत्र का है, जहां एक बुजुर्ग का मोबाइल गुम होने के बाद उनके बैंक खाते से 90 हजार रुपये की चपत लगा दी गई।

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता बुजुर्ग पोकर सिंह, निवासी गांव रत्ताखेड़ा, रतिया ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी को उनका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया था।

उन्होंने सावधानी बरतते हुए इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी थी, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनका फोन किसी शातिर के हाथ लग चुका है। बुजुर्ग का मोबाइल नंबर उनके पंजाब नेशनल बैंक, रतिया की शाखा से लिंक था। जब उन्होंने बैंक जाकर खाते की स्टेटमेंट निकलवाई, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बैंक स्टेटमेंट से खुलासा हुआ कि जिस दिन मोबाइल गुम हुआ, उसी दिन यूपीआई का दुरुपयोग कर उनके खाते से तीन बार में कुल 90 हजार रुपये निकाल लिए गए।

## जिसका कर्म शुद्ध है, उसे किसी अनहोनी का भय नहीं होता : राजराजेश्वरी देवी

**फतेहाबाद।** राम नाम के साबुन से जो मन की मैल मिटाएगा, निर्मल मन के शीशे में वह श्री राम के दर्शन पाएगा। इन भक्तिमय पंक्तियों और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ वृंदावन से पधारीं पूज्या राजराजेश्वरी देवी ने फतेहाबाद की धरा पर अमृत वर्षा की। अवसर था ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के तत्वाधान में आयोजित भव्य धार्मिक समागम का। श्री सत्यनारायण मंदिर, फतेहाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में राजराजेश्वरी देवी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। हम श्री राम जी के वंशज हैं और राजा अरूट महाराज के अनुयायी हैं, जिनका स्वभाव अत्यंत शांत और व्यक्तित्व महान था। हमें दसों गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने समाज को कुरीतियों और छल-कपट से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जिसका कर्म शुद्ध है, उसे किसी अनहोनी का भय नहीं होता। उन्होंने तुलसीदास जी की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा 'तुलसी भरोसे राम के निर्भय होके सोए, अनहोनी होनी नहीं होनी है सो होय।' कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने राजराजेश्वरी देवी का स्वागत किया और उन्हें धार्मिक प्रकोष्ठ, हिसार का अध्यक्ष मनोनीत किया।


राजराजेश्वरी देवी।

**फतेहाबाद में गूँजी राजराजेश्वरी देवी की अमृतवाणी, हिसार अध्यक्ष के रूप में संभालेंगी धर्म की**

### 'एकता में बल' का दिया संदेश

देवी राजराजेश्वरी के मार्गदर्शन में यह प्रकोष्ठ पूरे भारत में धर्म की पताका फहराएगा। उन्होंने 'एकता में बल' का संदेश देते हुए सभी पदाधिकारियों से संगठित रहने का आह्वान किया। राजराजेश्वरी देवी ने इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाने का संकल्प लिया। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ठाकुर भवानी सिंह ने अपनी टीम के साथ देवी जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने 23 मार्च शहीदी दिवस पर नशे के खिलाफ निकाली जाने वाली विशाल यात्रा में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया।

## देशी कपास पर मिलेगी प्रति एकड़ तीन हजार की प्रोत्साहन राशि

- योजना के लाभ के लिए पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य में कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को देसी कपास की बिजाई करने पर 3 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, सूक्ष्म पोषक तत्वों और कीटनाशकों की खरीद पर 2 हजार रुपए प्रति एकड़ अधिकतम 2 एकड़ तक की सहायता भी दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस योजना के साथ-साथ कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण के माध्यम से भी किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा सुझाई गई नवीनतम खेती की विधियों और फसलों से संबंधित जानकारी किसान गोष्ठियों, ग्राम स्तरीय शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाई जाती है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण शिविर, किसान मेले, प्रदर्शनियों और अध्ययन भ्रमण के जरिए व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है, ताकि वे नई तकनीकों को अपनाकर अपनी उत्पादकता बढ़ा सकें।

**सेमिनार**

## वर्तमान समय में जियोस्पेशियल तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा : प्राचार्य

# एमएम कॉलेज में सेमिनार, छात्रों को दी जियोस्पेशियल तकनीक की विभिन्न विधाओं की दी जानकारी

**विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के भूगोल विभाग द्वारा 'जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी एवं इसके अनुप्रयोग और करियर अवसर' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स, रोहतक के सहयोग से आयोजित किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जियोस्पेशियल तकनीक, इसके व्यावहारिक उपयोग तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जियोस्पेशियल तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है और यह तकनीक देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स, रोहतक से सीनियर मैनेजर एकेडमिक्स अजय पूनिया, जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष राकेश चौहान तथा जूनियर मैनेजर एकेडमिक्स हिमांशी बत्रा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने व्याख्यान में जियोस्पेशियल तकनीक की विभिन्न विधाओं जैसे जीआईएस, रिमोट सेंसिंग तथा जीपीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


फतेहाबाद। सेमिनार में अतिथियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया

उन्होंने बताया कि इन तकनीकों का उपयोग कृषि, पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन, आपदा प्रबंधन, परिवहन तथा रक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसके साथ ही वक्ताओं ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि जियोस्पेशियल तकनीक में विशेषज्ञता हासिल कर विद्यार्थी देश और विदेश में बेहतर करियर बना सकते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह थे, जबकि कार्यक्रम के आयोजन में पिंकी समन्वयक तथा अंजू प्रकाश, सहायक प्राध्यापक, भूगोल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया और कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. सीमा शर्मा, डॉ. विजय गोयल, विकास बैनीवाल, बलवान, वारिस, सरोज, ममता, कमला जोशी, मोनिका रानी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।